प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आव्रजन और विदेशी विधेयक–2025 को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –युवाओं को रोजगार देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- दुर्गाष्टमी आज–प्रदेश के सभी देवी मंदिरों और घरों में हो रहे है विशेष अनुष्ठान।
- प्रदेश में तापमान में बढतोरी से गर्मी का असर तेज–बाडमेर का तापमान पंहुचा 42 डिग्री सैल्सियस के पार।

000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आव्रजन और विदेशी विधेयक–2025 को मंजूरी दे दी है। विधेयक में भारत में विदेशी नागरिकों के आव्रजन, प्रवेश और ठहरने को विनियमित करने का प्रावधान है। यह विधेयक, पासपोर्ट अधिनियम–1920, विदेशी पंजीकरण अधिनियम–1939, विदेशी अधिनियम–1946 और आव्रजन अधिनियम–2000 के स्थान पर लाया गया है। विधेयक में पासपोर्ट, यात्रा दस्तावेजों, वीजा और पंजीकरण के संबंध में केंद्र सरकार को कुछ शक्तियां देने का प्रावधान है। भारत में प्रवेश, निवास और बाहर जाने के लिए जाली पासपोर्ट या वीजा का उपयोग करने पर सात वर्ष तक की कैद और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

0000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छह हजार आठ सौ 39 करोड़ रुपये के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इस कार्यक्रम से उन ब्लॉकों के गांवों का व्यापक विकास होगा, जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास स्थित हैं। कल नई दिल्ली में मीडिया को कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थान सहित गुजरात, पश्चिम बंगाल तथा अन्य सीमावर्मी क्षेत्रों की सुरक्षा के साथ–साथ वहां रहने वालों को जीवन यापन की सुविधाएं बढ़ाना है।

.....

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी भर्तियों को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से समय से पूरा किया जाएगा। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर लंबित और प्रक्रियाधीन भर्तियों की स्थिति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में 1 लाख 88 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने अधिकारियों को भर्ती विज्ञापन जारी करने, परीक्षा आयोजित करने, परिणाम घोषित करने तथा दस्तावेजों की जांच करने संबंधी सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने अधिकारियों न्यायालय में लंबित भर्ती मामलों की भी जांच करवाकर उनका शीघ्र निस्तारण करवाने को कहा। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

000

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत भूसंसाधन विभाग की जलग्रहण यात्रा के जल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिए लोगों को न सिर्फ जल बचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा बल्कि इससे पानी की गुणवत्ता और उपलब्धता में भी बढोतरी होने की उम्मीद है।

.....

0000

केन्द्र सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग–23 पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2–लेन के गंगापुर बाईपास और करौली बाईपास के निर्माण के लिए लगभग 963 करोड रूपये की स्वीकृति दी है। केन्द्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि उत्कृष्ट कनेक्टिविटी– विकसित भारत' के संकल्प के

तहत केन्द्र ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस बाईपास की लम्बाई 33 दशमलव 48 किलोमीटर होगी। यह राष्ट्रीय राजमार्ग–23 जयपुर जिले के कोथुन में राष्ट्रीय राजमार्ग–52 के साथ जंक्शन से शुरू होकर धौलपुर के पास समाप्त होता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश को मिली इस सौगात के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री गडकरी को हार्दिक आभार और धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि इससे सुचारू, सुरक्षित यातायात प्रवाह और यात्रा के समय में कमी सुनिश्चित होगी।

00000

नगरीय विकास और आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कल जयपुर में आईपीडी टावर और कार्डियक टावर के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को कार्डियक टावर का काम हर हाल में 15 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्डियक टावर में 250 बेड का इंतज़ाम होने से न केवल मरीज़ों को राहत मिलेगी बल्कि एसएमएस अस्पताल में बढ़ रही मरीज़ों और तीमारदारों की संख्या में भी कमी आएगी।

0000

दुर्गाष्टमी का पर्व आज प्रदेश में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न शक्तिपीठों में विशेष पूजा आराधना की जा रही है और घरों में माता का पूजन कर कन्याओं को भोग लगाया जा रहा है। सीकर में जीणमाता का आज मुख्य मेला भर रहा है। यहां मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेटी बचाओ बेटी पढाओं का संदेश भी दिया जा रहा है। हनुमानगढ़ के पल्लू में मां ब्रम्हाणी और भद्रकाली मंदिर में चल रहे मेले में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। भीलवाडा के धनोप माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भी बडी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। करौली स्थित शक्तिपीठ कैला माता मंदिर में चल रहे मेले में श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुए प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट की ओर से विशेष इंतजाम किये गये है।

.....

अजमेर में आज जागरण और महाआरती सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मंदिरों में कन्या पूजन और महाप्रसादी के कार्यक्रम रखे गये हैं। सवाईमाधोपुर और दौसा में भी कल रात मंदिरों में माता के जागरण के कार्यक्रम रखे गए।

00000

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढोतरी के साथ ही गर्मी का असर बढ गया है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा तापमान बाडमेर में 42 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। बाडमेर में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी के तेवर तीखे है। लोग धूप से बचने के प्रयास करते नजर आ रहे है। वहीं बालोतरा में भी गर्मी का प्रभाव बढने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग बढती गर्मी के मद्देनजर अलर्ट है। विभाग की ओर से प्रदेश के सभी अस्पतालों में लू और तापघात के मरीजों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैक। उधर विभिन्न संस्थाएं और आम लोग पशु पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए प्रयास कर रहे है।

0000

रिजर्व बैंक जल्द ही दस और पांच सौ रुपये के नए नोट जारी करेगा। ये नोट महात्मा गांधी की नई सिरीज के होंगे और इन पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नोटों की डिजाइन महात्मा गांधी की नई सिरीज में दस और पांच सौ रुपये के बैंक नोट की तरह ही होगी। रिजर्व बैंक द्वारा पहले से ही जारी दस और पांच सौ रुपये के नोटों का प्रचलन जारी रहेगा।

00000